हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भिवानी जिले के सिवानी के गांव खेड़ा में नई अनाज मंडी में आयोजित हुए खादी रोजगार उत्सव में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 972 कारीगरों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही उन्होंने 3 हजार 645 आधुनिक मशीने एवं टूलकिट भी प्रदान की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर की 22 हजार 259 नई परियोजनाओं के लिए लगभग 504 करोड़ 68 लाख रुपये की मार्जिन मनी व सब्सिडी का ऑनलाइन वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती की बधाई भी दी।

****

केंद्र सरकार के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत कल सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा और जिला प्रशासन पलवल द्वारा जिला सचिवालय में सरकार की अंत्योदय उत्थान और जनकल्याण से संबंधित योजनाओं की विकास प्रदर्शनी एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारंभ खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने किया। कार्यक्रम में उपायुक्त डा. जयेंद्र सिंह छिल्लर,पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल,एसडीएम भूपेंद्र सिंह,सूचना, जनसंपर्क अधिकारी विजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा –

उन्होंने कहा की सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से लगाई गई विकास प्रदर्शनी में केंद्र एवं हरियाणा सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है।

****

आज बादली के गांव मुनीमपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पुष्प उत्पादन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रगतिशील किसानों को को शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से चयनित किसानों को पुष्प रत्न एवं पुष्प सम्मान पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। विशेष रूप से पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में किसानों ने अपनी मेहनत, नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि फूलों की खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में विविधीकरण को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और जैविक खेती, बागवानी एवं पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

****

सांसद धर्मबीर सिंह ने आज भिवानी में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परिसर में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योगाभ्यास प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि ऋषि-मुनियों की खोज योग भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में पहुंचाया है जिससे भारत योग में विश्व गुरु बना है।

****

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता-सीईटीए इस वर्ष 15 जुलाई से लागू होगा। वाणिज्या और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि इस समझौते से भारत को ब्रिटेन के बाजार में 99 प्रतिशत वस्तुओं पर तत्काल शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।

****

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा मुक्त विद्यालय की सैकेण्डरी व सीनियर सैकेंडरी परीक्षा सितंबर/अक्तूबर-2026 में ली जाएगी शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने मंगलवार को बताया कि सैकेंडरी ओपन के परीक्षार्थी 1250 रूपये परीक्षा शुल्क सहित तथा सीनियर सैकेण्डरी ओपन के परीक्षार्थी 1300 रूपये परीक्षा शुल्क सहित 23 जून से 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

****